मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः12.06.2026

थाना को0शहर पुलिस टीम द्वारा 20 ग्राम अवैध हेरोईन के साथ 01 अभियुक्त (हिस्ट्रीशीटर) गिरफ्तार, तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद—

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांकः 12.06.2026 को थाना को0शहर पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी। अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना को0शहर पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना को0शहर क्षेत्रांतर्गत महेश गुप्ता की गली से 01 अभियुक्त नन्हकू सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह निवासी चिल्ह थाना चिल्ह जनपद मीरजापुर (हिस्ट्रीशीटर) को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 20 ग्राम अवैध हेरोईन (अनुमानित अंतराष्ट्रीय कीमत 04 लाख रूपये) व तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल वाहन संख्या UP 63 BJ 5061 बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को0शहर पर मु0अ0सं0-98/2026 धारा 8/21, 25/29 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त (हिस्ट्रीशीटर)—

1. नन्हकू सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह निवासी चिल्ह थाना चिल्ह जनपद मीरजापुर, उम्र 59 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग—

मु0अ0सं0-98/2026 धारा 8/21, 25/29 एनडीपीएस एक्ट थाना को0शहर जनपद मीरजापुर।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 64/1996 धारा 20/22 एनडीपीएस एक्ट थाना चील्ह मीरजापुर।
2- मु0अ0सं0 59/1997 धारा 20/22 एनडीपीएस एक्ट थाना चील्ह मीरजापुर।
3- मु0अ0सं0 134/2000 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना चील्ह मीरजापुर।
4- मु0अ0सं0 135/2000 धारा 41/411/406 आईपीसी थाना चील्ह मीरजापुर।
5- मु0अ0सं0 179/2002 धारा 392/411 आईपीसी थाना चील्ह मीरजापुर।
6- मु0अ0सं0 181/2002 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना चील्ह मीरजापुर।
7- मु0अ0सं0 62/2002 धारा 392/411 आईपीसी थाना कपसेठी वाराणसी।
8- मु0अ0सं0 164/2001 धारा ¾ गुण्डा एक्ट थाना चील्ह मीरजापुर।

9- मु0अ0सं0 208/2009 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट थाना चील्ह मीरजापुर।

10- मु0अ0सं0 425/2002 धारा 392/411आईपीसी थाना चील्ह मीरजापुर।

विवरण बरामदगी—

20 ग्राम अवैध हेरोईन (अनुमानित अंतराष्ट्रीय कीमत 04 लाख रूपये)

तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल वाहन संख्या UP 63 BJ 5061 बरामद

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

उप निरीक्षक विनोद कुमार चौकी प्रभारी वासलीगंज मय पुलिस टीम थाना को0शहर जनपद मीरजापुर।

****